Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to take steps to ban plastics for food products and to recycle the dumped plastics.

श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी): माननीय अध्यक्षा जी, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सी.पी.सी.बी.) ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि प्लास्टिक की जितनी खपत होती है, उसका 70 प्रतिशत कचरे के रूप में डम्प किया जाता है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: कोरम है, सब कुछ है। जीरो आवर चल रहा है, so no Point of Order.

…(व्यवधान)

श्री अजय मिश्रा टेनी: सीपीसीबी द्वारा जारी रिपोर्ट में आई.आई.टी. व सी.एस.आई.आर., लखनऊ द्वारा एक अध्ययन में बताया गया है कि उक्त प्लास्टिक पैकेजिंग सामग्री, जिसे डम्प किया जाता है, वह जहरीले गैसों को छोड़ने के साथ ही खतरनाक कैंसर जन्य तत्वों की लीचिंग करके मिट्टी व पानी पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है।

माननीय अध्यक्षा जी, खाद्य पदार्थों की प्लास्टिक पैकेजिंग स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है, क्योंकि प्लास्टिक से लेड, एंटीमनी आदि तत्वों की लीचिंग खाद्य पदार्थों में होती है, जिसकी पुष्टि प्रयोगशाला परीक्षणों द्वारा की गई है।

महोदया, विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय अध्ययनों, अनुसंधानों व प्रयोगशाला के परीक्षणों से प्लास्टिक में पैक्ड खाद्य, फार्मा व डम्प्ड प्लास्टिक से पानी व मिट्टी में कैंसर यौगिकों की लीचिंग की पुष्टि हुई है।

माननीय अध्यक्षा जी, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि खाद्य पदार्थों के लिए प्लास्टिक के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए व डम्प्ड प्लास्टिक कचरे की री-साइक्लिंग या अन्य हानिरहित प्रावधानों के लिए सरकार विचार करे।

माननीय अध्यक्ष:

*m02 कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री शरद त्रिपाठी और

श्री भैरों प्रसाद मिश्रको श्री अजय मिश्रा टेनीद्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।